**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने पुणे स्थित 'एमआईटी एडीटी' विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डिग्री और पदक प्रदान किए**

**विद्यार्थी असफलता को सफलता की सीढ़ी बनाएं- राज्यपाल**

जयपुर/पुणे, 8 नवंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे शनिवार को पुणे स्थित एमआईटी आर्ट, डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के 8 वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने के साथ ही श्रेष्ठतम विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि विद्यार्थी आत्मनिर्भर और विकसित भारत की रीढ़ हैं। उन्हें गुरुकुल पद्धति की तरह समग्र दृष्टिकोण विकसित करने वाली, समाज के प्रति संवेदनशील बनाने वाली, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को संतुलित रखते हुए सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करने वाली, पुस्तक से परे शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है; बल्कि अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज की उन्नति और देश की प्रगति के लिए करना ही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है।

श्री बागडे ने कहा कि असफलता अंत नहीं होती, बल्कि नए सफर की शुरुआत होती है। इसलिए असफलता को सफलता की सीढ़ी बनाकर अपने ज्ञान, कर्मठता और संवेदनशीलता के बल पर भारत को विश्व की महाशक्ति बनाएं।

NAAC
ACCREDITED
A
MIT-ADT
UNIVERSITY
PUNE, INDIA
A Leap Towards World Class Education

NAAC
ACCREDITED
A
MIT-ADT
UNIVERSITY
PUNE, INDIA
A Leap Towards World Class Education